लोक सभा अध्यक्ष ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 16 सितम्बर, 2015: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहाः

"मैं गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

भगवान गणेश का नाम परोपकारिता और नःस्वार्थता का प्रतीक है। पूरे विश्व में विनायक (ज्ञान) और विघ्नेश्वर (विघ्न विनाशक) के रूप में पूजित वह बुद्धि, सहनशीलता और अनुकम्पा की प्रतिमूर्ति हैं। गणेश भगवान बुद्धि के देवता हैं और उनकी पूजा लेखन के दौरान ज्ञान और बुद्धि के संरक्षक के रूप में की जाती है। हमारे जीवन में उनकी सजीव उपस्थिति हमें भाईचारे, खुशहाली और सह-अस्तित्व का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित करती है। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के दौरान और बाद में राष्ट्र निर्माण के दौरान भगवान के एकता और सौहार्द के संदेश ने हमें राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर मैं अपने सभी देशवासियों से श्रेष्ठ मानव मूल्यों को अपनाने और अपनी शानदार सांस्कृतिक विरासत का गुणगान करने अनुरोध करती हूं।"

--